**F. No.1-12/2026/146459- Exam**
कार्यालय / **Office**
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली
**Lal Bahadur Shastri Paramedical Skill and Training Council, New Delhi**
परीक्षा एवं संगणक विभाग/ **Exam and Computer Department**
वेबसाइट / **www.lbspstc.com**
**********

दिनांक / **Dated: 18.02.2026**

**अतिमहत्वपूर्ण / सर्वोच्च प्राथमिकता**

**सेवा में,**

**समस्त संबद्ध परीक्षा केंद्रों के**
**प्रधानाचार्य/निदेशक/केंद्र अधीक्षक**

**विषयः संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल (पैरामेडिकल) Allied Health Care (Paramedical) परीक्षा मार्च 2026 के लिए पुलिस व्यवस्था संबंधी परिपत्र :-**

**महोदय/महोदया,**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में समस्त संबद्ध परीक्षा केंद्रों को सूचित किया जाता है **लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद** द्वारा आयोजित **संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल (पैरामेडिकल) Allied Health Care (Paramedical) वार्षिक परीक्षा मार्च 2025** के आयोजन के संबंध में यह आधिकारिक परिपत्र जारी किया जा रहा है। पिछले वर्षों की भांति, इस वर्ष भी **प्रत्येक** परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण बनाए रखने हेतु पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित करना संबंधित कॉलेज/परीक्षा केंद्र की अनिवार्य जिम्मेदारी है। परीक्षाएं निम्नलिखित तिथियों एवं समय पर आयोजित की जाएंगी: **परीक्षा तिथियां: 09-03-2026, 10-03-2026, 11-03-2026, 12-03-2026, 13-03-2026, एवं 14-03-2026 समयः सुबह 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक**

अतः **सभी संबद्ध परीक्षा केंद्रों** को निर्देशित किया जाता है कि वे **अपने-अपने स्थानीय थाना प्रभारी (S.H.O.)** से संपर्क स्थापित कर परीक्षा केंद्रों पर **महिला अधिकारियों सहित पर्याप्त पुलिस बल** की तैनाती सुनिश्चित करें। यह सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य है कि कोई भी बाहरी तत्व परीक्षा परिसर में प्रवेश न करे और परीक्षाएं पूर्णतः शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हों। पुलिस कर्मियों के लिए जलपान शुल्क का भुगतान परीक्षा केंद्र द्वारा स्वयं किया जाएगा। इसके लिए निर्धारित राशि **500/- रुपये प्रति पुलिस कर्मी प्रति दिन** (अधिकतम 3 कर्मी) देय होगी। कृपया स्थानीय **S.H.O.** को दिए गए आवेदन पत्र की एक प्रति (Receiving Copy) परीक्षा शुरू होने से पूर्व LBSPSTC मुख्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। **समस्त केंद्रों को** इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा।

**यह परिपत्र समस्त संबद्ध परीक्षा केंद्रों के लिए तत्काल प्रभाव से लागू होगा।**

नोट: सभी केंद्राध्यक्ष/प्राचार्यो को तत्काल फोन के माध्यम से सूचित कर केंद्र की सीमानुसार सभी छात्र/छात्राओं को पुलिस पार्टी भेजने के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल करने के लिए निर्देशित किया जावे।

APPROVED

A. Saini
18/02/2026

सचिव / Secretary
लाल बहादुर शास्त्री पराचिकित्सीय
कौशल एवं प्रशिक्षण परिषद
Lal Bahadur Shastri Paramedical
Skill and Training Council